केटामाइन औषधि

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

चर्चा में क्यों?

हाल के दिनों में **केटामाइन औषधि** सुर्खियों में आ गई है, जिससे इसके अनुप्रयोग, प्रभाव और सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर बहस तथा चर्चा शुरू हो गई है।

केटामाइन के बारे में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **परिचय:**
  - केटामाइन एक विघटनकारी संवेदनाहारी है। डॉक्टर इसका उपयोग **सामान्य एनेस्थीसिया प्रेरित** करने के लिये करते हैं जिसके लिये मांसपेशियों को आराम की आवश्यकता नहीं होती है।
    - **सामान्य एनेस्थीसिया नींद/निद्रा** जैसी स्थिति को दर्शाता है, **जबकि डिसोसिएटिव शरीर और बाहरी दुनिया से अलग होने की स्थिति** को दर्शाता है।
  - **इसे 1960 के दशक में पशु संवेदनाहारी के रूप में** विकसित किया गया, बाद में **मानव उपयोग** के लिये इसे संयुक्त राज्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA) द्वारा अनुमोदित किया गया।
  - हाल ही में **अवसाद और मानसिक बीमारियों** के इलाज तथा मनोरंजन के लिये भी इसका उपयोग किया जाता है।
    - मनोरंजक उपयोग में **सूँघना, इंजेक्शन लगाना या धूम्रपान करना** शामिल है।
  - मानसिक बीमारी के इलाज के लिये अंतःशिरा (IV), नाक स्प्रे, या टैबलेट के माध्यम से प्रशासित।
- **केटामाइन के प्रभाव:**
  - केटामाइन मस्तिष्क में **एन-मिथाइल-डी-एस्पार्टेट (NMDA)** रिसेप्टर को अवरुद्ध कर कार्य करता है।
    - यह रिसेप्टर **पीड़ा संकेतों के संचरण तथा मनोभाव के नियमन** को प्रभावित करता है। NMDA रिसेप्टर को अवरुद्ध कर, केटामाइन एनाल्जेसिया (दर्द निवारक) तथा सुखाभास उत्पन्न कर सकता है।
  - यह सुखद दृश्य और वैराग्य की भावना उत्पन्न कर सकता है।
  - केटामाइन अन्य औषधियों जैसे लिसेर्जिक एसिड डायथाइलैमाइड (LSD) और एंजेल डस्ट की तरह ही **विभ्रम (हैलुसिनेशन)** उत्पन्न कर सकता है।
    - विभ्रम ध्वनियों तथा दृश्यों की विकृत धारणा है।
- **केटामाइन की खपत की सुरक्षा:**
  - केटामाइन, **जिसे कुछ डॉक्टरों द्वारा औषधीय उपयोग के लिये सुरक्षित माना जाता है, की अधिक मात्रा में खुराक लेने से लत और संज्ञानात्मक हानि** जैसे जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं। सीमित शोध दवा की दीर्घकालिक सुरक्षा को समझने में बाधा उत्पन्न करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ketamine-drug